तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 21 सितंबर 2024

12 जिला स्तरीय युवा संसद स्पर्धा में सोरर प्रथम, ट्राफी मिली

10 शेयर ट्रेडिंग के नाम पर कारोबारी से 1 करोड़ 16 ...




**अतिशीघ्र आवश्यकता है**
सिक्योरिटी सुपरवाइजर (10 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35
सिक्योरिटी गार्ड (पुरुष : 50 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35
होम केयरटेकर (महिला : 20 पद) उम्र-20 से 35 वर्ष,
फायरमैन कद-5'.6", उम्र-20 से 35
अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस कद-5'.6", उम्र-20 से 35
भर्ती दिनांक :- 21 व 22 सितंबर 2024
(कार्यस्थल:-सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में निजी कारखाना एवं अस्पताल)
पता:-फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल. सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़ मो.: 76972 12782



‘बप्पा को विदाई देने के लिए शुक्रवार को देर रात तक मानव देव जागते रहे। शोभायात्रा में भक्तों की श्रद्धा दिखती रही तो झांकियों में देवताओं और अन्य की ऐसे प्रस्तुति थी कि लोग भक्ति से नतमस्तक होते रहे। श्रद्धा की पगडंडी पर श्रद्धालु देर रात चहलकदमी करते रहे। विदाई की बेला में गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ... के जयकारे के साथ भक्तों का मन दुखी रहा। साथ ही चेहरे में इसकी भी खुशी छलकती रही कि इससे ज्यादा तेज रुप में गणपति बप्पा अगले बरस फिर आएंगे...’



### विसर्जन : डीजे, धुमाल, बैंड बाजें के साथ भक्ति गीतों में झूमते रहे श्रद्धालु


# गणपति बप्पाजी की विदाई में जागते रहे देव मानव शोभायात्रा में दिखी श्रद्धा, झांकियों में झलका तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर में शुक्रवार की शाम भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन झांकी व शोभायात्रा निकाली गई। शहरवासी रातभर डीजे और धुमाल में भक्ति गीतों में झूमते नजर आए। प्रशासन ने हाईकोर्ट के निर्देशानुसार पंडाल समितियों को दोपहर से विसर्जन यात्रा निकालने का समय दिया था। रात 10 बजे तक विसर्जन करते हुए नियमों का पालन करने कहा गया। लेकिन समितियो द्वारा शाम को विसर्जन शोभायात्र निकाली गई। शहर में रात 12 बजे तक विसर्जन हुआ। शहर में बड़े मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया ताकि विसर्जन के दौरान सड़क में जाम की स्थिति न हो।

शहर में दर्जन भर से अधिक स्थानों में विराजमान भगवान गणेश की विशाल प्रतिमाओं का विसर्जन शोभायात्रा कतारबद्ध निकली। शांति समिति की बैठक में पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट रूप से कतारबद्ध विसर्जन यात्र निकालने की बात कही थी। ताकि व्यवस्था पूरी तरह से कंट्रोल में रहे। वहीं पुलिस ने हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए ही विसर्जन कार्यक्रम को सम्पन्न कराया।

### देर रात तक नियमों का पालन करते हुए समितियों ने किया विसर्जन



#### 100 से अधिक पुलिस, गोताखोर व अधिकारी कर्मचारी थे मौजूद

शहर में गणेश विसर्जन धूमधाम से हुआ। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के चाकचौबंद पुलिस प्रशासन द्वारा किया गया था, वहीं एसडीएम से लेकर यातायात पुलिस, नगर पालिका के कर्मचारियों सहित पुलिस प्रशासन के आलाधिकारी विसर्जन शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा की दृष्टिकोण से शहर में सक्रिय रहे। इसके साथ ही विसर्जन वाले तालाब में गोताखोरों व नगर पालिका प्रशासन द्वारा क्रेन लगाकर प्रतिमाओं को तालाब में विसर्जित किया गया।

#### हजारों लोग पहुंचे विसर्जन देखने, डीजे में थिरके युवक

शहर में भगवान गणेश की विशाल प्रतिमाओं का विसर्जन देखने हजारों लोग शोभायात्रा में शामिल हुए। जिला मुख्यालय सहित जिलेभर के कई अलग अलग गांवों से हजारों लोग महिला, पुरुष तथा बच्चें विसर्जन देखने पहुंचे। पुलिस की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लोगों ने विसर्जन का आनंद लिया। भगवान को जल में विसर्जित कारया गया। हजारों युवा अलग अलग डीजे की धुन में थिरकते नजर आए। डीजे की आवाज निर्धारित सीमा मे ही रही।

### सशिमं में स्थापित गणेश प्रतिमा का विसर्जन



लाटाबोड़। बालोद ब्लाक के ग्राम जगन्नाथपुर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिवार द्वारा स्कूल में गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई थी, जिसे बुधवार को विसर्जित किया गया। दरअसल यहां गणेश प्रतिमा के साथ-साथ स्कूल में भोजली भी बोई गई थी, जिसका विसर्जन प्रतिमा के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा सभी बच्चों और स्टाफ ने मिलकर भोजली विसर्जन यात्रा की अगुवाई के साथ प्रतिमा विसर्जित की। बाजे गाजे और भोजली सहित गणेश सेवा गीतों के साथ स्टाफ और बच्चों ने गली का भ्रमण किया। अंत में नया तालाब पहुंचकर प्रतिमा और भोजली का विसर्जन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रधानाचार्य ताराचंद साहू, स्टाफ खेमिन साहू, रेख लाल देशमुख, धनंजय साहू, रीना देशलहरे, लक्ष्मी साहू, चैन कुमारी नेताम, माधुरी यादव, रितु पिस्दा, त्रिवेणी दुबे, भावना सुनहरे, नुमेश्वरी विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### चेतना बंजारे का नवोदय विद्यालय दुधलि में चयन



गुण्डरदेही। शासकीय प्राथमिक शाला खुटेरी (भट) की छात्र चेतना अंगारे पिता श्यामचरण अंगारे का चयन नवोदय विद्यालय दुधलि बालोद में हुआ है। पहली बार इस संस्था से नवोदय विद्यालय में चयनित होने पर शाला के प्रधानपाठक दिलेश्वर साहू, सहायक शिक्षक हेमंत साहू, लोमेश साहू व संकुल डोंगितराई के समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया।

### कॉलेज में प्रवेश तिथि 30 तक

गुरूर। मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय द्वारा ऑनलाइन प्रवेश प्रकिया जारी है। इसके लिए 30 सितंबर तक ऑनलाइन प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की गई है। इस आधार पर महाविद्यालय में बीए, बीएससी, डीसीए, पीजीडीसीए, पीजी योगा इन एजुकेशन, बीएससी आईटी, प्रथम वर्ष में ऑनलाइन आवेदन लिया जा रहा है।

### न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत लगेगी आज

बालोद। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन 21 सितम्बर को जिला न्यायालय परिसर बालोद किया गया जाएगा। नेशनल लोक अदालत सुबह 10.30 बजे से आयोजित की जाएगी।

### सिद्धांत राज्य स्तरीय बालक कबड्डी स्पर्धा के लिए चयनित



बालोद/निकुम। विकासखंड गुण्डरदेही के स्वामी आत्मानंद स्कूल मोंहदीपाठ के स्कूली छात्र सिध्दांत साहू का चयन छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय बालक कबड्डी स्पर्धा के लिए हुआ है। प्रतियोगिता बिलासपुर में 21 सितंम्बर से 24 सितंबर तक आयोजित होगी। सिध्दांत साहू की इस सफलता पर संस्था के प्राचार्य अर्चना चौरे व पीटीआई भोजेन्द्र चन्द्राकर, गोपिका कौमार्य सहित सभी स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### मतदाता सूची का पुनरीक्षण, राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित होगी 23 को

बालोद। निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण एवं मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संबंध में 23 सितम्बर को विभिन्न राजनीतिक दलों की बैठक उप जिला निर्वाचन अधिकारी के कक्ष में अपरान्ह 4 बजे आयोजित की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत निर्धारित न्यूनतम दूरी एवं अधिकतम मतदाता संख्या आदि मापदण्डों के अनुरूप केन्द्रों को स्थापित करने एवं मतदान केन्द्रों के लिए युक्तियुक्तकरण किया जाना है।

## कांग्रेस का छत्तीसगढ़ बंद आज व्यापारियों से मांगा गया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राज्य में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने, बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने, तथा कवर्धा में पुलिस प्रताड़ना से हुई मौत के दोषियों पर कार्रवाई कर न्याय की मांग को लेकर स्थानीय विधायक श्रीमती अनिला भेड़िया एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोपाल प्रजापति के निर्देशानुसार 21 सितंबर को सुबह 6 बजे से अपराह्न 12 बजे तक एक दिवसीय नगर बंद का आह्वान किया गया है। इसके लिए बैठक में बनी रणनीति के दौरानहस्तीमल सांखला,अनिल लोढ़ा, गोंविद चंद्राकर ,श्रीमती विद्या शर्मा, गोपाल प्रजापति, मेघनाथ साहू, श्रीमती लोकेश्वरी साहू, श्रीमती ममता शर्मा ,अशोक चनाब,श्रीमति सरोज पटेल, विकास लोढा, कमलेश टांक ,रवि साहू आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। कांग्रेसियों ने व्यापारियों से एक दिवसीय बंद के लिए समर्थन मांगा है।

### गुण्डरदेही में भी बंद का आव्हान

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन मे ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही द्वारा राज्य में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने, बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाए जाने एवं कवर्धा जिला के ग्राम लोहारीडीही में हुई हत्या आगजनी एवं पुलिस प्रताड़ना से हुई मौत के दोषियों पर कार्रवाई एवं न्याय की मांग को लेकर 21 सितंबर को एक दिवसीय छत्तीसगढ़ बंद के दौरान गुण्डरदेही मे भी बंद का आह्वान किया गया है। कांग्रेसियों ने सभी से समर्थन देने की अपील की है।

## सफाई मित्रों का होगा स्वास्थ्य परीक्षण श्रम पंजीयन, योजनाओं का देंगे लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता में लगाए जा रहे शिविर

जिले के सभी विकासखण्डों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक "स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता" थीम सफाई सुरक्षा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सफाई मित्रों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि शिविर स्थल में सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण, श्रम पंजीयन एवं अन्य योजनाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा। इसके साथ ही सफाई मित्र के लिए प्रधानमंत्री आवस योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन योजना, आधार कार्ड संबंधित योजनाओं की पात्रतानुसार लाभ भी प्रदाय करने शिविर का आयोजन किया गया है। डॉ. कन्नौजे ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके अंतर्गत गांव में गंदे एवं कचरे ढेर जमा स्थानों ब्लैक स्पॉट की सफाई तथा मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन करना है।



### नपं में स्वच्छता की सेवा पखवाड़े का शुभारंभ

गुण्डरदेही। नगर पंचायत गुण्डरदेही द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष रानु सोनकर व सीएमओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्वच्छता ही सेवा है के तहत नगर में स्वच्छता रैली निकाली गई। इस दौरान सभी वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया गया। एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी शामिल थे।

## जनहित की मांगों एवं समस्याओं के शीघ्र निराकरण के संबंध में प्रस्ताव भी दिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ जिला पंचायत की सामान्य सभा

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में वन विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, खनिज विभाग, वाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधान विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी, क्रेडा विभाग, समाज कल्याण विभाग, उद्यानिक विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, सहकारी संस्था, श्रम विभाग, जिला अत्यांव्यवसायी विभाग, जिला सहकारी विभाग, मुख्यमंत्री कौशल विभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग, आयुर्वेद विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, डीएमओ मार्कफेड, आबकारी विभाग एवं राष्ट्रीय राज मार्ग (एडीबी प्रोजेक्ट) विभागों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। जनहित की मांगों एवं समस्याओं के शीघ्र निराकरण के संबंध में प्रस्ताव भी दिए गए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को समय-सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए।

### पीएम मोदी के वर्धा वीडियो कांफ्रेंसिंग का प्रसारण देखा गया

## पीएम ने प्रशिक्षणार्थियों को दिया डिजिटल आईडी व सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत किया गया कार्यक्रम आयोजित






प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के वर्धा में आयोजित पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में विडियो क्रांफेसिंग के माध्यम से लाभार्थियों को डिजिटल आईडी कार्ड एवं सर्टिफिकेट का वितरण किया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय बालोद स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में भी किया गया।

कॉलेज परिसर में बड़ी संख्या में उपस्थित पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रशिक्षणार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सीधा प्रसारण को देखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना भारत के हजारों वर्ष पुराने कौशल को विकसित भारत के लिए इस्तेमाल करने का एक रोड मैप है। इतिहास में भारत की समृद्धि के कितने ही गौरवशाली अध्याय देखने को मिलते हैं। इस समृद्धि का बड़ा आधार हमारा पारंपरिक कौशल, उस समय का हमारा शिल्प, हमारी इंजीनियरिंग, हमारा विज्ञान था। हम दुनिया के सबसे बड़े वस्त्र निर्माता थे। हमारा धातु-विज्ञान, हमारी मेटलर्जी भी विश्व में बेजोड़ थी। उस समय के बने मिट्टी के बर्तनों से लेकर भवनों की डिजाइन का कोई मुकाबला नहीं था। इस ज्ञान-विज्ञान को कौन घर-घर पहुंचाता था, सुतार, लोहार, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, चर्मकार, बढ़ई-मिस्त्री ऐसे अनेक पेशे, ये भारत की समृद्धि की बुनियाद हुआ करते थे। इन पारंपरिक कौशल को आधुनिक युग में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लोगों को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगार, स्वरोजगार हेतु सक्षम बनाया जा रहा है।

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज बालोद में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए ▶▶| शेष पेज 10 पर

### जिले में 3925 लोगों को विभिन्न ट्रेडों का दिया गया प्रशिक्षण

उल्लेखनीय है कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत बालोद जिले में अब तक 6 हजार से अधिक लोगों का पंजीकरण किया गया है। जिसमें से अब तक 3925 लोगों को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। जिसमें दर्जी, राजमिस्त्री, सेलून आदि का प्रशिक्षण दिया गया है। जिसके अंतर्गत 40 घंटे का प्रशिक्षण एवं आधुनिक मशीनों से परिचित कराया जाता है। प्रशिक्षकों को रहने एवं खाने के भत्ते के रूप में 4 हजार रुपयों के साथ 15 हजार रुपयों का टूलकीट एवं प्रशिक्षण पूर्ण करने का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण उपरांत 3 लाख रुपये तक का कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

### कलेक्टोरेट परिसर में लगाया दहीमन का पौधा




बालोद। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में दुर्लभ वनौषधि दहीमन पौधे का रोपण किया। उल्लेखनीय है कि वनौषधि दहीमन का पेड़ अत्यंत दुर्लभ है। जिला आयुर्वेद विभाग द्वारा इसे कोरिया जिले से रोपण हेतु मंगाया गया है। इस दौरान जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. ज्योति गजभिये सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**पाठक सूचना**
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

खबर संक्षेप

## गांधी सदन में बैठक

**रायपुर।** अपर आयुक्त विनोद पांडे और मुख्यअभियंता यू.के. धलेन्द्र ने महात्मा गांधी सदन के सभाकक्ष में बैठक ली। जिसमें विभिन्न मदों में किये जा रहे विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। तय समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाने अभियंताओं को निर्देश दिए। बैठक में अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बांगड़े सहित कार्यपालन अभियंतागण उपस्थित रहे।

## स्वच्छता मैराथन

**रायपुर।** नगर निगम जोन 7 की ओर से राजधानी के विज्ञान महाविद्यालय मैदान में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता के लिए स्वच्छता मैराथन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शहर को स्वच्छ बनाने का संदेश मेराथन के माध्यम से दिया गया। इसी प्रकार जोन 8 क्षेत्र में मोहबाबाजार जोन कार्यालय के समीप स्वच्छता मैराथन का आयोजन हुआ । जिसमें जोन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता की अहमियत बताई।

## जोगी कांग्रेस से प्रभारी महामंत्री देवांगन ने दिया इस्तीफा

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रभारी महामंत्री महेश देवांगन ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रेणु जोगी को अपना इस्तीफा पत्र प्रेषित करते हुए आज अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रेणु जोगी और प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने श्री देवांगन का इस्तीफा भारी मन से स्वीकार करते हुए कहा, वे जोगी परिवार के अभिन्न अंग थे, हैं और आगे भी रहेंगे। हम उनके उज्वल राजनीतिक भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं।

## ओबीसी आयोग में शिकायत के बाद शिक्षक को मिला रुका वेतन

**रायपुर।** कन्या प्रयास विद्यालय गुढ़ियारी के अभिनव सोनी ने मैट्रिक्स जी एकेडमी संस्थान रायपुर के संचालक राजेश बोर्डे के विरुद्ध उनका ढाई लाख रुपए वेतन रोके जाने की शिकायत अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग में की थी। इस शिकायत के बाद आयोग ने प्रकरण में सुनवाई की। इस दौरान दोनों पक्षों की बाते सुनने के बाद आयोग ने राजेश बोर्डे को शैक्षणिक कार्य की रोकी गई राशि को डीबीटी के माध्यम से भुगतान करने का आदेश दिया। इस आदेश तहत राजेश बोर्डे ने बकाया वेतन डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया।

## 18 महापुराणों की शोभायात्रा के साथ शुरू हुई शिवमहापुराण की कथा

**रायपुर।** महामाया मंदिर परिसर में आयोजित शिव महापुराण की कथा और 18 पुराणो की पाठ के पूर्व मंदिर से भव्य मंगल कलश यात्रा निकल गई। इस कलश यात्रा में माताएं और बहने सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए। शिव महापुराण की कथा में मूल रूप से 18 पुराणो के साथ भक्तों को चार वेद और 6 शास्त्रों का भी पाठ होते हुए मिलेगा। शोभायात्रा के बाद शिवमहापुराण की कथा में पहुंचे कथा व्यास आचार्य युवराज पांडे ने भक्तों को बताया कि शिव महापुराण में भगवान शिव को प्रसन्न करने की पूजा विधियों और ज्ञान से भरे आख्यान भी सम्मिलित हैं। हिंदू धर्म में भगवान शिव त्रिदेवों में से एक हैं और इन्हें संहार का देवता भी माना जाता है। भगवान शिव को महेश, महाकाल, नीलकंठ, रुद्र आदि नामों से भी पुकारा जाता है। ऐसा भी माना जाता है कि भगवान शिव महान योगी थे और इसीलिए उन्हें आदियोगी की संज्ञा भी दी जाती है।

पेज 9 का शेष

## पीएम नें ...

कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत ध्यानपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें। यह आपके कौशल को निखारेगी और आपके भविष्य निर्माण में सहायक बनेगी। इस योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर आप अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं तथा आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं। इस अवसर पर सीईओ डॉ. कन्नौजे ने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके विभिन्न हितग्राहियों को ई–स्किल सर्टिफिकेट प्रदान कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी।

# नगर निगम के ठेकेदारों को 3 माह से भुगतान नहीं, हड़ताल पर जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

3 माह से लंबित भुगतान को लेकर रायपुर नगर निगम के अंतर्गत कार्यरत ठेकेदार हड़ताल पर जाएंगे। प्रभावित ठेकेदारों ने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को पत्र लिखकर कहा है, यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया, तो 22 सितंबर से करीब 4 हजार कर्मचारी हड़ताल पर जाएंगे। ठेकेदारों का 20 करोड़ का भुगतान लंबित होने से यह स्थिति बनी है। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम के पास ठेकेदारों के लंबित भुगतान के लिए फंड का टोटा है। नगर निगम द्वारा 300 करोड़ की राजस्व वसूली के बाद अपने ठेकेदारों का 3 माह से भुगतान नहीं कर पाया है। इस बात को लेकर नगर निगम के ठेकेदार नाराज हैं। उन्होंने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर चेतावनी दी है कि उनका लंबित भुगतान जल्द किया जाए, ऐसा नहीं होने पर 22 तारीख से करीब 4 हजार कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे। नगर निगम ने जून से ठेकेदारों का भुगतान नहीं किया है। विदित हो कि नगर निगम के 70 वार्डों में 4 हजार से अधिक सफाई, बिजली कर्मचारी, प्लंबर और ड्राइवर कर्मचारियों का 3 माह का भुगतान लंबित है।

## 20 करोड़ का भुगतान लंबित, भुगतान के लिए निगम के पास फंड का टोटा




### रामकी का 55 करोड़ बकाया

*शहर की सफाई का ठेका लेने वाली रामकी कंपनी का 55 करोड़ रुपए का सफाई बिल लंबित है। नगर निगम ने अनुबंधित एजेंसी के सफाई बिल की राशि का भुगतान नहीं किया है। रामकी के सिटी हेड का कहना है, यदि यही स्थिति बनी रही, तो वे अपने कर्मचारियों की इस माह की सैलेरी नही दे पाएंगे। विदित हो कि रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन परिवहन और सेकंडरी पाइंट तक परिवहन से लेकर सकरी ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे का मशीन से वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। हर महीने उन्हें 3 करोड़ से ज्यादा की राशि अपने कर्मचारियों के वेतन के रूप में प्रतिमाह भुगतान करनी होती है। निगम आयुक्त को अपनी परेशानी से समय-समय पर अवगत कराते रहे हैं।*

### पैसा मांगने पर और पैसा जमा करने दबाव बना कर एफआईआर करने की धमकी

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर कारोबारी से 1 करोड़ 16 लाख की ऑनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी थाना में एक कारोबारी ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ शेयर ट्रेडिंग का झांसा देकर एक करोड़ 16 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कारोबारी ने जालसाज के खिलाफ टैक्स की बकाया रकम जमा नहीं करने पर एफआईआर दर्ज कराने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पुलिस के मुताबिक पेशे से बेसन का कारोबार करने वाले मोवा, दलदल सिवनी निवासी महेश रामचंदानी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। महेश ने पुलिस को बताया है कि उसके पास उसके फेसबुक मैसेंजर के माध्यम से एक फरवरी को फ्रेंड रिक्वेस्ट आया। कारोबारी के अनुसार फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करने के बाद जालसाज ने कुछ दिनों तक उसके साथ मैसेंजर के माध्यम से चैट किया। इसके बाद जालसाज कारोबारी का मोबाइल नंबर हासिल कर वाट्सए से चैट करने लगा। जालसाज ने कारोबारी को अपना परिचय फैशन डिजायनर बताते हुए बैंगलुरु का रहने वाला बताया।

### लालच में मित्र से साढ़े 16 लाख उधार लिए

*कारोबारी के अनुसार उसने जब अपनी रकम विथड्रा करना चाही, तो जालसाज ने कारोबारी से टैक्स की बकाया रकम 40 लाख रुपए देने की मांग की। रकम नहीं देने की स्थिति में पैसा नहीं मिलने का झांसा दिया। इसके बाद कारोबारी ने अपने एक मित्र से साढ़े 16 लाख रुपए उधार लिया। इसी दौरान कारोबारी को आशंका हुई। इसके बाद कारोबारी ने जालसाजों के अकाउंट में रुपए जमा नहीं किया।*



### रुपए जमा नहीं करने पर ग्रुप से निकाला

कारोबारी के अनुसार उसने जालसाजों के अकाउंट में रुपए ट्रांसफर नहीं किया, तो जालसाजों ने उसे वाट्सएप ग्रुप से रिमूव कर दिया। इसके साथ ही जालसाज कारोबारी को कॉल कर टैक्स की रकम जमा करने दबाव बनाने के साथ पुलिस का भय दिखाते रहे।

### शेयर ट्रेडिंग के नाम से लगातार हो रही ठगी

फेसबुक मैसेंजर तथा टेलीग्राम से मैसेज भेज कर शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर ठगी करने की लगातार घटनाएं घटित हो रही हैं। रायपुर में तीन महीने के भीतर शेयर ट्रेडिंग के नाम पर पांच करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की घटनाएं हो चुकी हैं। शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले जालासाजों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। बावजूद इसके ठगी की घटनाएं कम होने के बजाय और बढ़ रही हैं।

### एप डाउनलोड कराकर जाल में फंसाया

*महेश के मुताबिक जालसाज ने उसे अपने चाचा को जेपी मार्गन चेंस कंपनी का असिस्टेंट मैनेजर बताते हुए उसके मार्गदर्शन में एलसीईसी एप के माध्यम से बिटक्वाइन ट्रेडिंग का कारोबार करना बताया। इस तरह का झांसा देकर जालसाज ने कारोबारी को एक एप डाउनलोड कराया। इसके बाद एप के माध्यम से यूके के कंट्री कोड से एक वाट्सएप नंबर मिला। उस वाट्सएप नंबर में कारोबारी को शेयर ट्रेडिंग में 30 प्रतिशत मुनाफा मिलने का झांसा देकर जालसाज ने कारोबारी को ठगी का शिकार बनाया।*

### कई अन्य वाट्सएप ग्रुप में जोड़कर झांसे में लिया

*कारोबारी ने पुलिस को बताया है कि जालसाज से जुड़े लोगों ने उसे शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफा कमाने का झांसा देकर अलग-अलग वाट्सएप ग्रुप में जोड़ा। जालसाजों ने कारोबारी को मुनाफा मिलने का झांसा देकर मई तक रकम वसूल की और ठगी का शिकार बनाते रहे।*

# डीए को लेकर कर्मचारी संघ दो फाड़, एक ने किया वित्तमंत्री से आश्वासन का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के चार लाख कर्मचारियों और डेढ़ लाख पेंशनरों को 1 जनवरी से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता की मांग को लेकर कर्मचारी संगठन लगातार आंदोलित हैं। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने दावा किया है कि वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने उन्हें जल्द आदेश जारी करने का आश्वासन दिया है। वहीं कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने उनके दावे को गलत बताते हुए कहा, पिछली बार भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इसी तरह का आश्वासन मिला था, पर कुछ नहीं हुआ। राज्य के कर्मचारियों को केंद्रीय कर्मचारियों के बराबर डीए नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों और पेंशनरों में असंतोष है। इसे लेर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने 20 सितम्बर को हड़ताल करने का ऐलान किया था। इसके पूर्व भी 9 सितंबर को प्रदेश व्यापी हड़ताल करने की घोषणा की थी। राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को चार प्रतिशत डीए देने की सहमति व्यक्त की, किंतु देय तिथि से डीए देने पर गतिरोध संयुक्त मोर्चा एवं शासन के बीच बना रहा।

- कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने किया आंदोलन स्थगित

### 27 को फेडरेशन की हड़ताल

इधर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन डीए और अन्य मांगों को लेकर क्रमिक आंदोलन चला रहा है। इसी कड़ी में 27 सिंतबर को हड़ताल पर रहेंगे। उन्होंने अपनी चार सुत्रीय मांगों को लेकर तीन चरणों में आंदोलन किया का एलान किया था।

### केंद्र की घोषणा के साथ राज्य के कर्मचारियों पर स्वमेव लागू होगा

*दूसरे दौर की चर्चा के लिए वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने मोर्चा के घटक संगठनों के प्रतिनिधियों को 17 सितंबर को देर रात्रि चर्चा के लिए बुलाया। वित्तमंत्री ने कहा, चार प्रतिशत डीए देने की घोषणा मुख्यमंत्री स्वयं अतिशीघ्र करेंगे। निकट भविष्य में शासन ऐसी योजना ला रहा है कि जिस दिन केंद्र सरकार डीए देने की घोषणा करेगी, उसी दिन से राज्य सरकार के कर्मचारियों पर स्वमेव लागू हो जायेगा, डीए अब मांगना नहीं पड़ेगा।*

# छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के सहायक संपदा प्रबंधक निलंबित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग के सहायक संपदा प्रबंधक मुखीराम ध्रुवे को नकदी लेन-देन का मामला प्रकाश में आने पर आयुक्त छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जारी निलंबन आदेश के अनुसार छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र दुर्ग के सहायक संपदा प्रबंधक मुखीराम ध्रुवे द्वारा अपने कार्यालय में हितग्राहियों के प्रकरण को रोककर नगदी लेन-देन का समाचार निजी टीवी चैनल द्वारा प्रसारित किया गया था। आयुक्त, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए सहायक संपदा प्रबंधक श्री ध्रुवे को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में श्री ध्रुवे का मुख्यालय मुख्य संपदा अधिकारी, मुख्यालय नवा रायपुर अटल नगर नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

- हितग्राहियों के प्रकरण रोककर नकदी लेन–देन का आरोप

## धमकी देने वाले डीजे संचालक ने डा. गुप्ता से मांगी माफी


**रायपुर।** रायपुर के जाने-माने चिकित्सक एवं सामाजिक कार्यकर्ता डा. राकेश गुप्ता को सोशल मीडिया में धमकी देने वाले डीजे संचालक ने माफी मांगी है। डीजे संचालक गुरुवार को अपने परिवार के साथ डा. गुप्ता के घर पहुंचा और सोशल मीडिया में डाली गई टिप्पणी पर माफी मांगी। डा. गुप्ता ने डीजे संचालक व उसके परिवार द्वारा माफी मांगने की जानकारी सोशल मीडिया में शेयर की है। उन्होंने माफी मांगने के बाद डीजे संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई रुकवाने का भरोसा दिलाया है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया में धमकी मिलने के बाद डा. गुप्ता ने इसकी शिकायत एसएसपी से की थी।

# सामुदायिक भवनों की सुध नहीं ले रहा निगम, कहीं बिजली नहीं तो कहीं टॉयलेट का अभाव, सीपेज की परेशानी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में 12 नवंबर से एक बार फिर से मांगलिक आयोजन शुरू हो जाएंगे। वहीं नगर निगम द्वारा बनवाए गए सामुदायिक भवनों का बुरा हाल है। कई भवन ऐसे हैं, जहां लोगों को सुविधाएं ही नहीं मिल रही हैं। इन भवनों में जरूरी सुधार कराने में निगम और जोन के जिम्मेदार रुचि नहीं ले रहे हैं। इससे आगामी वैवाहिक सीजन में लोगों को प्राइवेट मैरिज हॉल का औना-पौना किराया भी देना पड़ेगा, इसमें मेंटेनेंस शुल्क शामिल होगा। ऐसी स्थिति इसलिए बन रही है, क्योंकि जोन को मेंटेनेंस कराने के लिए फंड नहीं मिल रहा है। चातुर्मास का समापन होने के बाद लोगों को मांगलिक आयोजनों के लिए कई मुहूर्त मिलने वाले हैं। इसे देखते हुए लोग विवाह के लिए भवन बुक कराने में लगे हैं। हरिभूमि ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित निगम के सामुदायिक भवनों की स्थिति जांची तो कई खामियां सामने आईं। निगम ने करोड़ों रुपए खर्च कर भवनों का निर्माण कराने के बाद उन्हें जोन के भरोसे छोड़ दिया है। इससे भवनों की स्थिति में सुधार ही नहीं हो रहा है। अव्यवस्था को देखते हुए लोग निगम के भवनों की बुकिंग कराने से भी गुरेज करने लगे हैं। इससे निगम को होने वाली कमाई भी प्रभावित हो रही है। 2022 में कराए गए सर्वे में 50 से ज्यादा बड़े भवनों में से 23 में बुनियादी सुविधाओं का अभाव मिला था, जिसे दुरुस्त कराने के लिए किए गए प्रयास के बाद भी सामुदायिक भवनों की स्थिति में अभी तक सुधार नहीं हो पाया है।

- चातुर्मास के बाद होंगे मांगलिक आयोजन, पर निगम के भवन बदहाल
- जोन दफ्तरों के भरोसे सामुदायिक भवनों का मेंटेनेंस, जिम्मेदार लापरवाह




### केस 1

खमतराई के संतोषी नगर में लाखों रुपए खर्च कर बनवाए गए सामुदायिक भवन में बिजली, पानी ही नहीं, बल्कि टॉयलेट की सुविधा का भी अभाव है। अभिषेक ठाकुर ने बताया कि इसे लोगों को प्राइवेट भवनों की बुकिंग पर होने वाले खर्च से राहत देने के लिए बनाया गया, इसके बाद से सुध नहीं ली जा रही है। इसमें सीपेज की समस्या भी हर साल रहती है। सुधार नहीं होने से लोगों को सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं।

### केस 2

2008 में हाउसिंग बोर्ड द्वारा कराए गए निर्माण के बाद निगम ने हीरापुर में जिस सामुदायिक भवन को हैंडओवर लिया है। उसमें सीपेज सहित टॉयलेट व पंखे नहीं हैं। पार्किंग की सुविधा भी इस भवन में नहीं है। पार्षद कमलेश बसंत वर्मा ने बताया कि इस सामुदायिक भवन का मेंटेनेंस कराने निगम को कई बार प्रस्ताव दिया गया। इसके बाद भी सुधार नहीं होने से लोगों की सुविधा प्रभावित हो रही है।

### केस 3

वीरभद्र नगर में मारवाड़ी श्मशानघाट के पास स्थित सामुदायिक भवन में फिलहाल छोटे आयोजन होते हैं। पार्षद मनोज वर्मा ने बताया कि कुछ महीने पहले यहां टॉयलेट व बिजली से संबंधित काम कराया गया है। अभी भवन के बाहर पेवर ब्लॉक लगवा रहे हैं, ताकि मांगलिक आयोजन के लिए लोगों को सुविधा मिल सके। इसके लिए निगम ने एजेंसी तय कर जिम्मेदारी दी है। नवंबर तक यहां सभी जरूरी काम पूरे कराएंगे।

### इस कारण अटकता है मेंटेनेंस

निगम सूत्रों ने बताया कि निगम जितने भी सामुदायिक भवनों की बुकिंग देता है। उससे मिलने वाली राशि को निगम के खाते में जमा किया जाता है। इससे टूट-फूट की स्थिति में जरूरी काम कराने के लिए प्रस्ताव भेजने और बजट मिलने पर ही मेंटेनेंस कार्य कराए जाते हैं। इसमें विलंब होने से लोगों को मिलने वाली सुविधा प्रभावित होती है। भवनों को बुक कराने वाले लोग बिजली, पानी, टॉयलेट और सीपेज की समस्या को देखते हुए प्राइवेट भवनों की तरफ रूख करते हैं, जिससे निगम की कमाई प्रभावित होती है।

# कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा मंत्रालय का विधि विभाग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने अपनी 8 सूत्रीय मांग के संबंध में प्रमुख सचिव विधि विभाग मंत्रालय नवा रायपुर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें रिक्त पदों जल्द पदोन्नति और भर्ती करने की मांग की गई। दरअसल, छत्तीसगढ़ विधि मंत्रालय विभाग कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। राज्य गठन के 24 साल होने के बाद भी इसकी स्थिति नहीं बदली। विभाग में कर्मचारी की कमी के चलते आला अधिकारियों को पीने का पानी भी घर से लेकर आना पड़ रहा है। अनुभाग अधिकारी और अवर सचिव तक खुद अपनी फाइल उपर पहुंचाते हैं। ऐसे में रिक्त पदों पर भर्ती व पदोन्नति की कार्यवाही जल्द किये जाने की मांग उठने लगी है। इसी संबंध में गुरुवार को कर्मचारियों की समस्या को लेकर छत्तीसगढ़ विधि मंत्रालय कर्मचारीसंघ ने 8 सूत्रीय मांग को लेकर प्रमुख सचिव को ज्ञापन सौंपा।

### कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

सहायक ग्रेड 1 के 25 फीसदी पदों पर सीधी भर्ती का प्रावधान हटाया जाए। मुख्य अनुवादक से सहायक संचालक और सहायक संचालक से अवर सचिव अनुवादक पद पर पदोन्नति के लिए अर्हता अवधि को 5 वर्ष की जगह 3 वर्ष यथावत रखा जाए। रिक्त पदों पर भर्ती व पदोन्नति की कार्यवाही जल्द करने, सेटअप में मुख्य अनुवादक के अतिरिक्त 2 पद स्वीकृत कराने की मांग शामिल है। इसके साथ ही अवकाश देयकों की स्वीकृति में शिथिलता बरती जाए। प्रमुख सचिव विधि रजनीश श्रीवास्तव ने कर्मचारियों की समस्याएं सुनी, और शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल सिन्हा,उपाध्यक्ष अरुण मिश्रा,सचिव गोविंद साहू,सहसचिव धर्मेंद्र वर्मा,कोषाध्यक्ष पुखराज साहू,कार्यकारणी सदस्य ज्योति पांडे,गुड़िया पाल शामिल थे।

### गृह विभाग ने जारी किया निलंबन आदेश

# लोहारीडीह कांड जेल दाखिल होने से पहले घायल था प्रशांत निलंबित एएसपी पर गंभीर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*कबीरधाम जिले के लोहारीडीह में आगजनी की घटना के बाद कथित तौर पर पुलिस की ज्यादती और प्रताड़ना का शिकार प्रशांत साहू की मौत के मामले में निलंबित एएसपी आईपीएस विकास कुमार के निलंबन का आदेश गृह विभाग ने जारी किया है। खास बात ये है कि इस आदेश में कहा गया है कि मृतक प्रशांत को जेल में दाखिल होते समय ही चोट लगी हुई थी। इस आदेश से साफ संकेत मिल रहे हैं कि मृतक के साथ मारपीट या हिंसा हुई थी। इससे पहले ग्रामीणों ने पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाया था। कवर्धा जिले के रेंगाखार थाना क्षेत्र के लोहारीडीह में रविवार 15 सितंबर को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी। इसमें गांव के ही रघुनाथ साहू को जिंदा जलाकर मौत के घाट उतार दिया था। घटना के बाद से पुलिस ने 160 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है और 69 लोगों को हिरासत में लिया गया है।*

### जारी हुआ निलंबन आदेश

लोहारीडीह कांड के सिलसिले में एएसपी विकास कुमार का निलंबन आदेश गृह विभाग ने जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि कबीरधाम आगजनी प्रकरण में प्रशांत साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में रखा गया था। मृतक को जेल में दाखिल होते समय से ही चोट लगी हुई थी। विकास कुमार एएसपी कबीरधाम आगजनी की घटना को करने वालों को गिरफ्तार करने वाली टीम के प्रमुख थे, इसलिए इस मृत्यु के पीछे प्रथम दृष्टया उनकी गंभीर लापरवाही प्रतीत होती है।

### कांग्रेस ने किया आज बंद का आह्वान

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। लोहारीडीह घटना स्थल से लौटने के बाद उन्होंने राज्य की कानून व्यवस्था पर कड़ी आलोचना करते हुए प्रदेश में बढ़ती असुरक्षा और अपराधों के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की। कांग्रेस ने इस घटना के विरोध में 21 सितंबर को प्रदेश बंद का आह्वान किया है। उन्होंने जनता से अपील की कि राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था और सरकार की विफलताओं के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने गृहमंत्री के कार्यक्षेत्र में हुई लोहारीडीह की घटना को राज्य की कानून व्यवस्था की बड़ी विफलता बताया। उन्होंने राज्य सरकार, विशेषकर गृहमंत्री के कार्यों को विफल बताते हुए गृहमंत्री को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है।

# भाजपा ने राहुल गांधी के खिलाफ पांचों संभागों के थानों में दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के पांचों संभागों के जिलों रायपुर, दुर्ग, जगदलपुर, बिलासपुर और सरगुजा में राहुल गांधी के खिलाफ थानों में शिकायत दर्ज कराई है।

सिविल लाइंस थाने में इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा अमेरिका प्रवास के दौरान दिए गए बयानों को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई। भाजपा ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी इन दिनों जिस प्रकार की भाषा बोल रहे हैं, वह देश में जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के आधार पर विभाजनकारी मानसिकता की परिचायक है और वह विश्व पटल पर भारत की छवि को धूमिल करने वाली है। रायपुर में शिकायत दर्ज करने के बाद भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, विदेश प्रवास के दौरान उन विदेशी ताकतों के प्रतिनिधियों से राहुल गांधी का भेंट करना आपत्तिजनक है, जो भारत में राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अस्थिरता पैदा करके भारत को नुकसान पहुंचाने में लगे हुए हैं। ऐसे विदेशी नेताओं से मिलकर राहुल गांधी देश के खिलाफ जो टिप्पणियां कर रहे हैं, वह देश विरोधी कृत्य है। अमेरिका प्रवास के दौरान राहुल ने सिख समाज की धार्मिक प्रतीक पगड़ी और कड़ा को लेकर भी अमर्यादित और अप्रासंगिक टिप्पणी करके भारतीय लोकतंत्र भारत की सर्व समावेशी व सर्वस्पर्शी संवैधानिक व्यवस्था पर चोट पहुंचाने के साथ-साथ सिख समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। राहुल गांधी का यह कृत्य भारतीय सर्वधर्म समभाव की छवि को बिगाड़ कर विश्व पटल पर सिख समाज को अपमानित करने और भारत की छवि को गलत रूप में प्रस्तुत करने की एक सोची समझी राजनीतिक साजिश को प्रमाणित करता है।

- अमेरिका में दिए गए बयान का मामला

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक स्कूल में हुआ न्योता भोज का आयोजन

**बालोद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरबसपुर के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक यूएस मंडले द्वारा प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों को अपने नातिन निहारिका के जन्म दिन के उपलक्ष में न्योता भोज कराया। शाला के शिक्षक आरके साहू, एमके. देशमुख, संकुल समन्वयक निषाद तथा दिलीप मंडावी, डाहरे उपस्थित थे।

### छग पेंशनर समाज जिला बालोद का चुनाव झलमला में होगा कल

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज जिला बालोद का त्रिवर्षीय संगठनात्मक चुनाव 22 सितम्बर को दोपहर 12 बजे साहू समाज के कर्मा भवन झलमला में होगा। बालोद जिले के अन्तर्गत आने वाले समस्त तहसील के पदाधिकारी एवं जिला सदस्य की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। मां सरस्वती के पूजा-अर्चना तत्पश्चात पदाधिकारियों का परिचय एवं स्वागत उपरांत चुनाव कार्य प्रारंभ होगा। उक्त कार्यक्रम के अतिथियों एवं निर्वाचन अधिकारी/ पर्यवेक्षक के स्वागत उपरांत जिला पेंशनर समाज बालोद के कार्यकाल की समाप्ति की घोषणा की जाएगी। साथ ही निर्वाचन अधिकारी व पर्यवेक्षक को ससम्मान संगठन का चुनाव प्रारंभ करने का आग्रह किया जाएगा। इस प्रकार आगामी तीन वर्ष के लिए बालोद जिला पेंशनर समाज समिति का गठन हो जाएगा। जिला उपाध्यक्ष सियाराम शार्वा ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर निर्वाचन,मनोनयन कार्य को पूर्ण करने में अपना सहयोग प्रदान करें।

### नव युवा मित्र मंडल ने निकाली स्वच्छता अभियान रैली



**जामगांव आर।** नव युवा मित्र मंडल धमना के युवाओं ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान चलाया और लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। युवाओं की टोली चौक चौराहों, गलियों व अन्य स्थानों की पाउच, पालीथिन को एकत्रित कर स्वच्छता के प्रति शपथ भी ली। इस दौरान भुवन लाल, ढाल सिंह, प्रेमशंकर, छत्रपाल, मुकेश, रूपेश उपस्थित थे। समिति के कोषाध्यक्ष प्रेम शंकर ने कहा कि स्वच्छता बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सब की है, अतः हम सब अपने घर आंगन को स्वच्छ बनाते हैं ठीक उसी प्रकार हम सब का फर्ज है कि गांव गली, मोहल्ले, मंदिर, तालाब व अन्य स्थान को भी स्वच्छ बनाए रखें एवं स्वच्छता बनाने में अपना अमूल्य सहयोग जरूर प्रदान करें, स्वच्छता हम सब की जिम्मेदारी है।

**बैठक: स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग के कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा**

# प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

- शत- प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने के लिए करें जरूरी उपाय

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि इसे ध्यान में रखते हुए जिले के प्रत्येक नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित लाभ सुनिश्चित कराना अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग की समीक्षा बैठक में विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। चन्द्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य की रक्षा करना मनुष्य की सर्व प्रमुख आवश्यकताओं में से एक है। इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नही की जाएगी। बैठक में मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सूर्यवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. ज्योति गजभिए सहित खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने विकासखण्डवार स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने जिला अस्पताल के अलावा सामुदायिक, प्राथमिक एवं उपस्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को चिकित्सकों एवं अन्य सभी अधिकारी–कर्मचारियों की मुख्यालय में उपस्थिति कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने टीकाकरण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि की भी समीक्षा की।

कलेक्टर चंद्रवाल ने चिरायु टीम को नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण कराकर बच्चों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के रिक्त पदों की समीक्षा करते हुए रिक्त पदों की पूर्ति हेतु शीघ्र कार्यवाही करने को कहा। इस दौरान उन्होंने कैंसर, डायबिटिज, मनोरोग आदि बीमारियों की जांच एवं उपचार की कार्य की समीक्षा करते हुए इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने तबांकू नियंत्रण एवं टीबी मुक्त भारत अभियान की भी समीक्षा की। चन्द्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों की बॉयोमेट्रिक उपस्थिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी अस्पतालों में अधिकारी–कर्मचारियों की शीघ्र बॉयोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने को कहा।



#### मरीजों के साथ करें अच्छा व्यवहार

कलेक्टर ने कहा कि मितानिनों के पास आम नागरिकों के लिए जरूरी दवाइयां पूरे समय उपलब्ध होनी चाहिए। अस्पतालों की समुचित साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराने कहा। मेडिकल प्रमाणपत्र बनाने के लिए तिथि निर्धारित करने एवं शिविर आदि लगाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मरीजों के साथ चिकित्सकों एवं सभी अधिकारी–कर्मचारियों का व्यवहार मधुर एवं आत्मीय होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने आयुष विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की।

# श्रमदान कर धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई की



हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत गंजपारा दुर्गा मंदिर परिसर और देवी भागवत कथा स्थल की श्रद्धालुओं ने श्रमदान कर साफ–सफाई की।

शुक्रवार सुबह 7 बजे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत बालोद भाजपा शहर मंडल के द्वारा शहर के गंजपारा दुर्गा मंदिर परिसर और नवरात्र में 3 अक्टूबर से शुरू होने वाले श्रीमद देवी भागवत कथा स्थल की श्रमदान कर साफ–सफाई की गई। इस अभियान में गंजपारा के वार्डवासियों समेत प्रबुद्धजन शामिल हुए।

भाजपा पार्षद एवं व्यावसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक समाजसेवी राजू भाई पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन से चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है, गंजपारा वार्डवासी एवं भाजपा के सदस्यों के द्वारा आज दुर्गा मंदिर परिसर और भागवत स्थल की साफ–सफाई की गई है, जिससे नवरात्र में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर ने बताया कि सफाई मित्रों एवं वार्डवासियों की सहभागिता से शहर को स्वच्छ बनाने की मुहिम छेड़ दी गई है। 17 सितंबर से शुरू हुए इस महाअभियान में शहर के विभिन्न सार्वजनिक, धार्मिक, ऐहतिहासिक और महत्वपूर्ण स्थानों पर सफाई कर लोगों को जागरूक किया गया। अब आगे शनिवार को शहर के जय स्तंभ चौक, कचहरी चौक, न्यायालय परिसर के आस–पास साफ–सफाई की जाएगी। इस अभियान के दौरान प्रभारी एवं पूर्व पार्षद दीपक देवांगन, डोमेन्द्र साहू, लोकेश साहू, प्रीतम यादव, कमलेश गौतम, सुनील यादव, संतोष साहू, स्वरूप राठी, दिनेश तापड़िया, छबि सार्वा, टिकेश्वर साहू सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# जीवन में पक्का आवास बनाना एक सपना था, जिसे पीएम आवास ने किया साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद




- राज्य में साय सरकार बनने के बाद आवास निर्माण में आई तेजी
- बुढ़ापे में पक्का मकान का सुख मिलने से परिवार में खुशी की लहर

''कच्चे मकान में पैदा हुए, वहीं पले–बढ़े और जीवन में कभी पक्का आवास बनाना एक सपना ही था। लेकिन इस सपने को प्रधानमंत्री आवास योजना ने साकार कर दिया है।

उक्त बातें बालोद जिले के ग्राम देवारभाट निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग रूपराम ने कही। उसने कहा कि अब बुढ़ापे के समय में उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस गरीबों के कल्याण वाली प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसे पक्के मकान का सुख मिला है। रूपराम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद उसके मकान के निर्माण में तेजी से काम हुआ। अब उसका मकान पूरी तरह बनकर तैयार है। पेशे से कृषक रूपराम कोठारी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की यह योजना गरीबों के लिए हितकारी है, जो कभी आवास बनाने का सिर्फ सपना ही देखते थे, आज उनका भी घर इस योजना के तहत बन रहा है। यह योजना गरीबों को घर देने वाली योजना है।

#### योजनाओं का मिल रहा लाभ

रूपराम ने बताया कि वे गांव में रहकर खेती किसानी का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के शासन में उन्हें अपने धान का सही दाम मिला है। 2 साल के बकाया बोनस मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि इस राशि का उपयोग वे अपने घर का निर्माण और बेहतर रूप से करने में किए हैं। रूपराम ने बताया कि उनके घर में उनकी पत्नी और बहू को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1 हजार रुपए भी मिलता है। उसने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के शासन में संचालित योजनाओं के लिए उत्साह के साथ धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

# विज्ञान मेले में छात्रों ने बनाये आकर्षक मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। डौंडीलोहारा



बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी पश्चिम भारत विज्ञान मेला, विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन नगर के बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का थीम सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी थी, जिसमें मुडखुसरा, डौंडीलोहारा, लोहारा, सेजेस लोहारा व अन्य विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया।


कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य प्रदीप मेश्राम ने कहा विज्ञान का काम सर्वप्रथम अंधविश्वास जैसी बुराइयों को मिटाना है, बच्चे नए-नए आविष्कार और प्रदर्शन के माध्यम से समाज में सहयोग प्रदान कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड विज्ञान प्रभारी सुश्री एनुका शार्वा ने किया, जिसने उन्होंने प्रदर्शन में शासन के दिशा निर्देशों को सभी विद्यार्थियों शिक्षकों को अवगत कराया। सुश्री शार्वा ने राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा 9वी से 10वीं और 9वी से 12वीं तक दो वर्गों में प्रतियोगिता में मॉडल चलित तथा स्थाई, सेमिनार, प्रोजेक्ट तथा क्विज, विज्ञान नाटिका के आयोजन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान ही आविष्कार है। कार्यक्रम का प्रारंभ विज्ञान नाटिका से हुआ, जिसमें डामेश्वरी एवं साथी उच्चतर माध्यमिक विद्या मुडखुसरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार क्विज तथा प्रोजेक्ट में सिद्धार्थ और शिवांश सेजेस डौडी लोहारा प्रथम रहा। सेमिनार में गीतांजलि तथा चलित मॉडल सीनियर वर्ग में गणेश्वर और नागेश शास बालक उ माध्य विद्या डौडीलोहारा और संचार व्यवस्था में मुडखुसरा स्कूल की छात्रों का प्रथम स्थान रहा। कुल 10 मॉडल का प्रदर्शन किया गया था तथा लगभग 50 से 60 विद्यार्थियों ने आयोजन में भाग लिया। जूनियर वर्ग में 3D प्रिंटर का मॉडल लाकर सेजेस डौडी लोहारा ने स्थान सुरक्षित किया। ये बच्चे आगामी भविष्य में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

समस्त कार्यक्रम में विशेष सहयोगी के रूप में गणित व्याख्याता भूपेंद्र पटेल और रीना मंडल मुख्य निर्णायक के रूप में थे। विभिन्न प्रतियोगिता के लिए निर्णायक श्रीमति तेजेश्वरी साहू, डुप्ले साहू, हेमंत साहू ,ममता बोरकर उपस्थित थे। कार्यक्रम में किरण ठाकुर, मंजू ताम्रकार, किरण देवांगन तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर और बच्चों की सहभागिता को देखते हुए विकास खंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा और सहायक विकासखण्ड आधिकारी आश्विन साहू और कार्यालयीन कर्मचारी पवन मालेकर ने शुभाशीष प्रदान किया है।

# कॉलेज में हुआ नवाचारी छात्र-छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुण्डरदेही

- छात्रों को नवीन कौशल के प्रति जागरूक रहने का दिया संदेश



शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में जनभागीदारी प्रबंधन समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष अश्वनी यादव का सम्मान समारोह के साथ शिक्षक सम्मान एवं नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं का स्वागत समारोह किया गया। इस सम्मान समारोह में जिला अध्यक्ष पवन साहू, जिला स्काउट गाइड आयुक्त जन सेवक राकेश यादव, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन सहित बड़ी संख्या में अतिथि शामिल हुए। जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं को खूब परिश्रम करने एवं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। यशवंत जैन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के फायदे छात्र–छात्राओं को बताए एवं नवीन ज्ञान एवं नवीन कौशल के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। राकेश यादव ने इस महाविद्यालय के विकास यात्रा को रेखांकित करते हुए नव प्रवेशी छात्र–छात्राओं को अपने वरिष्ठों की तरह महाविद्यालय एवं गुण्डरदेही का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अश्वनी यादव ने कहा कि महाविद्यालय के सुविधाओं को और बेहतर बनाने में पूर्ण सहयोग करने की बात कही। साथ ही छात्र–छात्राओं को बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. केडी चावले ने जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अश्वनी यादव का सम्मान किया।

समारोह में अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही रानू हेमंत सोनकर, जिला पंचायत पुष्पेन्द्र चंद्राकर, नरेश यदु, चेमन देशमुख, प्रणेश जैन, ठाकुर राम चन्द्राकर, मोहन जैन, दुष्यन्त सोनवानी, टिलेश्वर बघेल, पारख साहू, सूरज यादव, रमेश सोनी, जैन भांडेकर, पूर्व पार्षद शांति मंडावी, कालेज के प्राध्यापक राकेश साहू एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थीं।

# कौशल विकास को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं

## संस्था गावों के स्कूलों में भी निःशुल्क प्रशिक्षण देगी: बैलेन्द्र




**बालोद/निकुम।** कौशल यात्रा कार्यक्रम कंप्यूटर इंस्टिट्यूट तथा स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय में संपन्न हुआ। कंप्यूटर इंस्टिट्यूट निकुम द्वारा शुक्रवार को आयोजित किया गया। अतिथियों द्वारा स्किल डेवलपमेंट, माइक्रोसॉफ्ट राइस करियर काउंसलिंग नई शिक्षा नीति तथा भविष्य में कौशल शिक्षा द्वारा भविष्य में जॉब आप्शन के बारे में जानकारी दी गई।

क्षेत्रीय कार्यालय के आशीष बेलचंदन, ऋषभ यदु, एस. दिनेश राव, संचालक शीतल गौतम सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे। जिसमें बताया गया कि कौशल विकास के माध्यम से अपनी क्षमताओं को विकसित कर सकते हैं। अपनी कमजोरियों को दूर करके जीवन को नया आयाम दे सकते हैं। कौशल विकास को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाए और अपने सपनों को हकीकत में बदलें। निकुम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. डीके बैलेन्द्र ने कहा कि डिजिटल युग चल रहा है। हमें समय के साथ एजुकेशन व कम्प्यूटर सिस्टम के साथ हाइटेक होना है। आजकल कम्प्यूटर इंटरनेट के बिना हमारे जीवन कि कल्पना करना कठिन हो गया है। सभी क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। अब बेहतर पहल करते हुए संस्था गावों के स्कूलों में भी निःशुल्क प्रशिक्षण देगी।

**न्यायालय :- (आलोक कुमार) प्रथम अति. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)**
व्यवहार वाद क्र. 200अ/2023 धारा 11 हिन्दू विवाह अधिनियम आदेशिका क्र. 743/2024
पेशी दिनांक 21.10.2024

**- नोटिस -**

अमित जैन......आवेदक - बनाम -
सोनल मस्के......अनावेदिका

प्रति, सोनल मस्के आ. अशोक मस्के, उम्र लगभग 33 वर्ष, स्थायी पता वार्ड नं. 04, टेबलर शिट, दल्ली राजहरा, जिला- बालोद (छ.ग.) मो. नं. 7879199234 .....अनावेदिका

आवेदक अमित जैन ने आपके विरूद्ध विवाह की अकृतता की आज्ञाप्ति के द्वारा शून्य विवाह हेतु इस न्यायालय के समक्ष वाद अन्तर्गत धारा 11 हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 पेश किया है। अतः इस नोटिस के जरिए आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि/अधिवक्ता के माध्यम से, जो मामले से संबंधित सभी उत्तर देने में सक्षम हों, उक्त वाद में सुनवाई हेतु दिनांक 21 अक्टूबर, 2024 को प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित रहें।

यदि किसी कारणवश सुनवाई तिथि 21 अक्टूबर, 2024 को अवकाश घोषित होता है, तो मामले की सुनवाई उसके ठीक दूसरे कार्यदिवस में की जायेगी।

यह भी सूचित किया जाता है कि नियत तिथि में इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित नही होने की दशा में उक्त वाद में सुनवाई / विचारण आपकी अनुपस्थिति में विधि अनुसार किया।

आज तारीख 09.09.2024 को इस अदालत की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी गया।

(मुहर)
(आलोक कुमार)
प्रथम अति. प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम मोहारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार आ. सुन्दरलाल जाति माहेश्वरी साकिन आमदी तहसील व जिला धमतरी, द्वारा ग्राम मोहारा प.ह.नं. 06, तहसील-गुरूर स्थित आवेदक के नाम पर दर्ज भूमि ख.न. 964 रकबा 0.10 हे. भूमि से संबंधित ऋणपुस्तिका कहीं गुम हो जाने के कारण आवेदक डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु खाता बी-वन, शपथपत्र, चालान, थाना रिपोर्ट की प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण की कार्यवाही प्रारंभ किया गया।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25/09/2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

(मुहर)
तहसीलदार
गुरूर जिला बालोद (छ.ग.)

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ओमप्रकाश ने 11वीं बार किया रक्तदान, महिला को दिया खून

**बालोद।** ग्राम भेड़िया नवागांव निवासी ओमप्रकाश शांडिल्य ने रक्तवीर नागेंद्र सिन्हा के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती ब्लड कैंसर से पीड़ित एक महिला की जान बचाने के लिए रक्तदान किया। ओमप्रकाश अब तक 11 बार रक्तदान कर चुके है। ओमप्रकाश ने बताया कि रक्तदान वह प्रक्रिया है, जिससे हम दूसरे की जान बचाने में खुद का योगदान देते है। रक्तदान करने से रक्तदाता के शरीर को कोई नुकसान नहीं होता बल्कि मरीज को नया जीवन जीने के लिए मदद की जा सकती है। इसलिए हमें रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

### अर्जुंदा के प्रियांशु ने नीट 2024 को किया उत्तीर्ण

**अर्जुन्दा।** जिला के शिक्षाधानी और संस्कारधानी नगर अर्जुंदा के



नेताजी सुभाष चन्द्र बोस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रतिभावान छात्र ग्राम गब्दी निवासी प्रियांशु नायक ने नीट 2024 परीक्षा पास की है। उन्होंने नीट 2024 परीक्षा उत्तीर्ण होकर अर्जुन्दा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस सफलता के लिए प्राचार्य योगेश्वर प्रसाद साहू, शिक्षक, विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

### तहसील कार्यालय भिलाई-3 का निरीक्षण

**भिलाई।** दुर्ग संभाग के आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने आज भिलाई-3 में तहसील कार्यालय एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोक सेवा केन्द्र, मॉडर्न रिकॉर्ड रूम के लिए आरक्षित कक्ष, तहसील न्यायालय एवं एसडीएम न्यायालय का अवलोकन किया। न्यायालय में प्रकरणों के निराकरण की प्रगति पर संभाग आयुक्त ने संतुष्टि प्रकट की। इस अवसर एसडीएम महेश सिंह राजपूत, तहसीलदार पवन ठाकुर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### अवैध कब्जेधारियों को हाईकोर्ट से स्टे नहीं

**भिलाई ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एनफोर्समेंट विभाग नगर सेवाएं द्वारा 138 अवैध कब्जेधारियों को सात दिनों में कब्जा हटाने के लिए नोटिस सर्व किया गया था । इसके विरुद्ध 25 अवैध कब्जेधारियों द्वारा उच्च न्यालालय में अलग अलग राईट पिटिशन फाइल किया गया था । हाई कोर्ट द्वारा गुरुवार को एक राईट पिटिशन को छोड़कर सभी 24 पिटिशन की ज्वाइंट सुनवाई करते हुए अवैध कब्जेधारियों को किसी प्रकार का स्टे नहीं दिया गया । भिलाई इस्पात संयंत्र को आदेशित किया की पुराने नोटिस पर कार्यवाही नही कर अवैध कब्जेधारियों को नया नोटिस जारी कर पीपी एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही करें । केस को डिस्पोज आफ कर दिया गया ।









**नगर पंचायत में किया गया पौधारोपण**

**गुरूर।** नगर पंचायत गुरुर क्षेत्र अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम कार्यकम के तहत पौधारोपण किया गया। इसमें अध्यक्ष महिमा भूपेंद्र साहू, पार्षद चिंताराम साहू, पार्षद अनुसुईया ध्रुव, पार्षद चंद्रलता साहू, पार्षद जीतेश्वरी निषाद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लेखापाल श्रीनिवास पटेल, दिलीप कुमार कंसारी, पवन यादव, योगेन्द्र, योगेश्वर नेताम, भूपेश, भीखम साहू, कैलाश, देवी एवं समस्त नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित थे।

**स्पर्धा**

# जिला स्तरीय युवा संसद स्पर्धा में सोरर प्रथम, ट्राफी मिली

**जिले के तीन विकासखण्ड बालोद, गुरूर एवं डौण्डीलोहारा के विद्यार्थी हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुरूर

शासकीय आत्मानंद विद्यालय बालोद में जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता 2024–25 का आयोजन किया गया, जिसमें जिला बालोद के तीन विकासखण्ड बालोद, गुरूर एवं डौण्डीलोहारा से विद्यार्थियों ने अपने प्रभारी शिक्षकों के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रतियोगिता में प्रस्तुति के बाद विकासखण्ड गुरूर से शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोरर को प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जिसे संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में जाने का मौका मिलेगा। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोरर से प्राचार्य पीआर ठाकुर के निर्देश पर प्रभारी व्याख्याता एस पिपरिया के मार्गदर्शन में विद्यालय के 55 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में अपने भूमिका और कौशल का प्रदर्शन किया।

इसमें लोकसभा अध्यक्ष रोमा, उपाध्यक्ष रोशनी पटेल, प्रधानमंत्री तेजस्वी, कृषि मंत्री खुशी, वित्त मंत्री खोमेश्वर, गृहमंत्री झालेन्द्र, कानून मंत्री प्राची, खाद्य मंत्री देविका, श्रममंत्री कुमकुम, नेता प्रतिपक्ष कोसिमा एवं अन्य विद्यार्थियों ने सत्तापक्ष सदस्य, विपक्षी सदस्य, विदेशी मेहमान, पत्रकार, अधिकारी एवं मार्शल की भूमिका में रहे।







### छात्रों ने किया संसदीय कार्य का प्रदर्शन

विद्यालय के विद्यार्थियों ने कृषि, शिक्षा, वित्त विभाग, खाद्यान की उपलब्धता पर प्रश्न उठाया। इसके अलावा शपथ ग्रहण, नये मंत्रियों का पचिय, विशेषाधिकारों का हनन, राज्य सभा से संदेश, विदेशी प्रतिनिधि मंडल का स्वागत, ध्यानाकर्षण एवं विधायी कार्य विषयों पर संसदीय कार्य का प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोरर प्राचार्य पीआर ठाकुर,उच्च माध्यमिक विद्यालय पाररास आरके वर्मा, उच्च माध्यमिक विद्यालय बघमरा एसके बेग निर्णायक थे। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले उपस्थित थे और विजेता विद्यालय को ट्राफी प्रदान की गई। ट्राफी प्रदान करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने विद्यार्थियों में संसदीय प्रणाली का ज्ञान प्राप्त करते हुए विद्यालय स्तर में भी विभिन्न प्रतियोगिताओं के जरिए अपने दक्षता के विकास पर जोर दिया।

### जीवंत उदाहरण पर छात्रों ने दिया भाषण

निर्णायकों द्वारा भी विद्यार्थियों के भाषण कौशल की सराहना की गई और संसदीय कार्यवाही का जीवंत उदाहरण बताया। विद्यार्थियों ने इस युवा संसद प्रतियोगिता को नया अनुभव का एक अनूठा मंच कहा और इसमें और आगे भी भाग लेने का इच्छा जाहिए की। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरर के लगातार चौथे वर्ष जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता के विजेता बनने पर जिला शिक्षा अधिकारी मरकले के साथ, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एलके चन्द्राकर, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोरर पीआर ठाकुर एवं संस्था के व्याख्याता डीएन सिन्हा, पीएन साहू, टीआर साहू, एचके साहू, एनपान बुढ़े, एन ठाकुर, एलके गंगबोईर, कौमार्य, सूर्यकांत साहू एवं एमके साहू, भोलेश्वर कुमार सिन्हा, कार्यालय सहायक जीएस कोचेन्द्र, जनक लाल ठाकुर, प्रवीण सिंह ठाकुर, जेके साहू एवं श्रद्वा मांझी व अन्य स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों के प्रति हर्ष व्यक्त किया।

## पंचायत निर्वाचन के लिए प्राधिकृत कर्मचारियों ने लिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶। डौंडी

जनपद पंचायत डौंडी में पंचायत निर्वाचन के लिए 62 ग्राम पंचायतों के लिए प्राधिकृत कर्मचारी नियुक्त कर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार हिंसाराम नायक तथा जनपद पंचायत सीईवो डीडी मंडले की उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ।

मास्टर टेंनर नरेंद्र साकरे, टिकेश्वर सिन्हा, संजय बंजारे, आशीष देवांगन, चमन कोठारी सभी द्वारा पंचायत स्तर पर नियुक्त प्राधिकृत कर्मचारी को उनके कर्तव्य के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में पंचायत चुनाव के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करना, प्रारुप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन करना निर्वाचक नामावली हेतु प्ररुप एवं सामाग्री, निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किए जाने के लिए अर्हता और निरर्हता तथा विभिन्न प्रकार से निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाने, कटवाने की प्रक्रिया मतदाता सूची का निरिक्षण करवाना के प्रक्रिया एवं आयोग द्वारा विहित प्रारुप को भरना एवं दैनिक प्रतिवेदन रजिस्ट्रीकरण कार्यालय में जमा करना, विधानसभा हेतु मतदाता सूची से पंचायत हेतु वार्डवार और भागवार मतदाता सूची पृथक करने के संबंध में आवश्यक जानकारियों को सूक्ष्मता से समझाया गया तथा इस कार्यशाला में जाबो कार्यक्रम अंर्तगत आम नागरिकों को पुनरीक्षण कार्यक्रम में प्रक्रिया से संबंधित एवं आम नागरिकों की अधिकाधिक सहभागिता हेतु व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु सभी मास्टर टेंनर, प्राधिकृत कर्मचारियों को तहसीलदार एवं सीईवो द्वारा शपथ दिलाई गई।इस कार्यशाला में समस्त पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक, एडिशनल सीईवो दीपेश रात्रे, एसके टेकाम उपस्थित थे।

## पीएम के जन्मदिन पर युवा मोर्चा ने किया रक्तदान





हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुरूर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बालोद के मार्गदर्शन में युवा मोर्चा मंडल गुरुर के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि डॉ. हरिकृष्ण गंजीर ने 43वां बार रक्तदान किया और रक्तदान के लिए युवाओं को प्रेरित किया।

डॉ. हरिकृष्ण गंजीर ने बताया रक्तदान महादान जैसे रचनात्मक कार्य को सभी को करना चाहिए, रक्तदान करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और ब्लड बढ़ता है 60 वर्ष तक स्वस्थ व्यक्ति जिनका वजन 45 किलोग्राम से ऊपर है, वह रक्तदान कर सकता है। एक समय पर बिना किसी व्यक्तिगत क्षति की यूनिट रक्त 300 उस दिया जा सकता है। आपका शरीर इस मात्र की 24 घंटे से 7 दिन के अंदर प्राकृतिक रूप से आपूर्ति कर देता है और किसी भी लाइसेंस सुधा ब्लड बैंक या स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में आप रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान करने से कमजोरियां चक्कर नहीं आता। आपको रक्तदान के लिए तभी चुना जाएगा जब आपका शारीरिक भार 45 किलोग्राम से अधिक हो तथा आप में होमियो ग्लोबिन की प्रचुर मात्रा हो, ऐसी दशा में आपको कमजोरी असुविधा नहीं होगी, आप अपने साधारण क्रियाकलाप जारी रख सकते हैं।

उन्होंने कहा रक्तदान को लगभग 1 घंटे का समय लगेगा, जिसमें उसका मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण शामिल हैं। वास्तविक रक्तदान की प्रक्रिया कुछ मिनटों की है। रक्तदान 3 महीने में एक बार कर सकते हैं, यानी साल भर में 4 बार आप रक्तदान कर सकते हैं। इंसान का खून नालियों में नहीं इंसान के नाडियों में बहना चाहिए।

## गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा व दल्लीराजहरा सहित समस्त राजस्व न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

■ राजीनामा के आधार पर होगा मामलों का निबटारा

जिले के जिला न्यायालय, तालुका न्यायालय गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा एवं दल्लीराजहरा सहित समस्त राजस्व न्यायालयों में भी 21 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया हैं।

प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा कुल 23 खंडपीठों का गठन किया गया है, जिसमें राजीनामा योग्य, आपराधिक एवं सिविल प्रकरण, चेक बाउंस के प्रकरण, धन वसूली के मामलें, मोटर दुर्घटना दावा अधि. के प्रकरण, बिजली, जलकर, टेलीफोन बिल, वैवाहिक, परिवारिक मामलें, श्रम विवाद एवं राजस्व मामलों का निराकरण किया जाएगा।

नेशनल लोक अदालत के माध्यम से व्यक्ति अपने न्यायालयीन मामलें एवं विवाद पूर्व पंजीकृत होने वाले प्री लिटिगेशन मामलों का निराकरण करा सकते है। लोक अदालत में निराकृत होने वाले सिविल मामलों में पूर्व में लगी हुई न्यायालयीन फीस वापस होती है।

इसके अतिरिक्त इस प्राधिकरण के पैरालिगल वालिटियर्स के द्वारा भी बालोद जिले के विभिन्न ग्रामों के हाट बाजारों–चौक चौराहों, बैंक एवं अन्य स्थानों पर विधिक जागरुकता शिविर आयोजित कर पाम्पलेट वितरण के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार–प्रसार किया गया है।

### राजीनामा योग्य प्रकरणों को कराएं निराकृत

नेशनल लोक अदालत के तैयारी के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्यामलाल नवरत्न एवं सचिव श्वेता उपाध्याय गौर द्वारा जिले के समस्त न्यायिक अधिकारियों, जिला अधिवक्ता संघ, समस्त बैंक, फायनेंस कंपनी, विद्युत विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारियों के साथ समय–समय पर बैठक आयोजित कर अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण किये जाने की अपील की गई है।

## ओज़ोन परत है पृथ्वी के वायुमंडल की एक परत





हरिभूमि न्यूज ▶▶। डौंडीलोहारा

■ हायर सेकंडरी स्कूल में मनाया गया ओजोन दिवस

उच्च माध्य विद्यालय संजारी में ओजोन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन ईको क्लब प्रभारी डोंगरमल रामटेके के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डोंगरमल रामटेके ने बताया कि विद्यालय के बच्चों के द्वारा पोस्टर प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली इत्यादि बनाया गया। बच्चों ने मानव श्रृंखला के माध्यम से ओजोन O3 का निर्माण किया। तत्पश्चात बच्चों को ओजोन परत के महत्व को समझाने व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। व्याख्यान माला कार्यक्रम में मंच का संचालन शिवेन्द्र बहादुर ने किया। व्याख्यान माला में मुख्य वक्ता व्याख्याता नंदिनी जोशी व सहायक शिक्षक सुधीर कुमार यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य पद्मा



कोठारी ने किया। वक्ता नंदिनी जोशी ने बताया कि ओज़ोन परत पृथ्वी के वायुमंडल की एक परत है, जिसमें ओजोन गैस की सघनता अपेक्षाकृत अधिक होती है। ओज़ोन परत के कारण ही धरती पर जीवन संभव है। यह परत सूर्य के उच्च आवृत्ति के पराबैंगनी प्रकाश की 90-99 प्रतिशत मात्रा अवशोषित कर लेती है, जो पृथ्वी पर जीवन के लिये हानिकारक है। वक्ता सुधीर कुमार यादव ने कहा कि ओज़ोन गंधयुक्त गैस होती है जो हल्के नीले रंग की होती है। ओज़ोन परत में ओज़ोन गैस की मात्रा अधिक पाई जाती है। ओज़ोन ऑक्सीजन का ही एक प्रकार है और इसे $O_3$ के संकेत से प्रदर्शित करते हैं। ऑक्सीजन के जब तीन परमाणु(अल्फा पराबैंगनी विकिरण के साथ) आपस में जुड़ते है तो ओज़ोन परत बनाते है। ओजोन एक परत है जो पृथ्वी के समताप मंडल के ऊपर मध्य मंडल के नीचे दोनों के बीच में है यह सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करता है।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं पूजा इंदौरिया, कुमकुम यादव, महेन्द्र, कृष्ण, गजाधर, इशांत, पूनम विश्वकर्मा, गिरिजा, कामिनी, भाविता आदि ने सुंदर जागरूकता रंगोली बनाया। पोस्टर प्रदर्शन में डामिन यदु, डिलेश्वरी, युवराज, पोषकरन, जितेश्वरी, साक्षी, पूजा, महेन्द्र साहू, शीतल ठाकुर ने भाग लिया।

### सफाई ठेका के लिए सात ने भरी निविदा

**भिलाई।** निगम भिलाई में सफाई कार्यो का सुचारू रूप से संचालन करने के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी । जिसमें 7 निविदाकारों ने 8 प्रकार के कार्यो को संपादित करने के लिए निविदा में भागीदार बने हैं। निविदाकारों द्वारा जमा किये गये दस्तावेजो का परीक्षण का कार्य संबंधित विभाग के अधिकारियो द्वारा अभी किया जा रहा है। शेष जानकारी परीक्षण पश्चात विस्तृत रूप से दी जाएगी। भिलाई निगम में शहर की सफाई को लेकर पार्षदों ने सामान्य सभा में नाराजगी दिखाई थी। वर्तमान ठेका एजेंसी के कार्य का आकंलन करने के लिए पार्षदों की टीम बनाई थी। इस टीम ने अपनी रिपोर्ट दे दी है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

## विशाल भंडारा से दिया आपसी सद्भावना का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। डौंडीलोहारा

■ सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति ने किया आयोजन

स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड 4 के सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेशोत्सव पर्व पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समिति द्वारा इस अवसर पर वार्डवासियों तथा नगरवासियों के लिए विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। वार्ड 4 के सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित भंडारा में नगर पंचायत के वार्ड 6 की पार्षद माया जयेश ठाकुर भी उपस्थित रहीं।

पार्षद माया जयेश ठाकुर ने कहा कि समिति द्वारा आयोजित गणेश उत्सव आयोजन तथा समिति द्वारा आयोजित विशाल भंडारा आपसी सद्भावना का संदेश देता है। इस आयोजन में वार्ड की हमारी युवा बहनों ने बढ़ चढक़र अपनी सक्रियता निभाई है जो प्रशंसा योग्य है। हम सभी महिलाओं को अपनी सक्रियता इसी तरह नगर के प्रत्येक कार्य में लगाना चाहिए, ताकि नगर के कार्यों में मातृशक्तियों की सहभागिता ज्यादा से ज्यादा हो सके।

पार्षद माया जयेश ठाकुर ने समिति के सभी सदस्यों तथा इस आयोजन से जुड़े सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी को सदैव आपसी सहयोग से मिलकर इसी तरह सामाजिक सद्भावना को मजबूत करने वाले आयोजन करते रहना चाहिए, जिससे नगर में हमारी सामाजिक सद्भावना मजबूत भी होगी और आपसी भाई-चारा भी मजबूत होगा, जिसका लाभ आपसी सहयोग के साथ-साथ नगर के विकास में भी मिलेगा।



स्पेशल ट्रेन/स्पेशल कोच
21 दिसंबर 2024
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति, कन्याकुमारी, मल्लिकार्जुन, रामेश्वरम, मदुरै-माँ मीनाक्षी देवी, श्री सुद्रेश्वर महादेव
स्लीपर- 18,500/- 3AC- 29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
91111-11866
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024
14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024, 27 अप्रैल से 11 मई 2025
02 मई से 16 मई 2025
राशिः-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411